मंदिर में सवा लाख दीये जलाए जाएंगे। मंदिर की विशेष सजावट पहले ही की जा चुकी है। आकर्षक व रंग-बिरंगी लाइट से इसे सजाया गया है। महंत ने बातया कि 3 हजार 200 प्रकार के उपहार प्रभु राम के ससुराल अर्थात जनकपुर से अयोध्या भेजे गए हैं। ससुराल से भेजे जाने उपहार को नेपाल की स्थानीय भाषा मे भार कहा जाता है। उपहारों मे सोने-चांदी के गहने, चांदी कि खड़ाऊ, फल, फूल, मिठाइयां, कपड़े आदि सम्मिलित हैं। कपड़ों और खड़ाऊ को विशेष रूप से तैयार करवाया गया है। कहीं कोई कमी ना रह जाए, इस बात का पूरा ध्यान मंदिर प्रबंधन द्वारा रखा गया है।

**सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन** : राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जानकी मंदिर प्रांगण में रामायण से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक तथा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इन्हें अंतिम स्वरूप दिया जा चुका है। माता सीता और प्रभु राम का विशेष श्रृंगार होगा। भव्य आरती की जाएगी। मंदिर में उमड़ने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सप्ताह भर पूर्व ही व्यवस्था बनाए रखने योजना तैयार कर ली गई है।

**पड़ोसी देश में भी उत्साह** : नेपाल के स्थानीय व्यापारी दीप तयाल ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नेपाल में भी उत्साह है। जनकपुर प्रभु राम का ससुराल है, ऐसे में यहां विशेष रूप से उत्साहित हैं। अन्य सीता-राम मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना और आरती की जा रही है।

### अस्सी सालों से ....

को जीवंत रखे हुए है। शहर के गांधी चौक ब्राह्मण पारा में स्थित श्री रामायण प्रचारक समिति की अपनी एक अलग पहचान है। संवत 2001 से यहां बुजुर्ग ने श्री राम चरित मानस का पाठ गुणगान और प्रचार शुरू किया जो निरंतर जारी है। शाम होते ही बुजुर्ग से लेकर युवा तक समिति के भवन में बैठ कर इस परंपरा को जारी रखे हुए है। जिससे ना सिर्फ आस पास का वातावरण भगवान राम मय बना रहता है बल्कि यहां से आवागमन कर रहे लोगों को भी सुखद अनुभव होता है।

### गोस्वामी तुलसीदास जयंती ....

शनै शनै समिति के सदस्यों के अथक प्रयासों से अब यहां भवन का निर्माण हो चुका है। पूजा कमरे में वर्ष 1937 का भगवान श्री राम दरबार की फोटो है जिसकी विधि विधान से नियमित रूप से पूजा अर्चना की जाती है।

पूर्वजों ने जो परंपरा शुरू की है वह आज भी जारी है। श्री रामायण प्रचारक समिति के इस अभियान में समाज के लोगों का भी काफी सहयोग रहा है। समिति के द्वारा प्रतिवर्ष गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर भव्य आयोजन किया जाता है जिसके तहत शालेय स्तरीय वाद विवाद स्पर्धा सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है । सर्वजन कल्याणार्थ व सामाजिक चेतना को जागृत करने की भावना से श्रीराम चरित मानस का नवाह परायण , अखण्ड पाठ, हवन पूर्णाहुति का अनुष्ठान भी किया जाता है । जिसमें बडी संख्या में समाज के लोग व शहर के नागरिको की उपस्थिति रहती है।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह ...

कार्यक्रम को गौरवपूर्ण बनाया है।शहर की श्रीरामायण प्रचारक समिति अपने आयोजनों के लिए जिले भर में प्रख्यात है। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्री राम लला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर समिति के सदस्यों में उत्साह का वातावरण निर्मित है। इस अवसर पर भी विविध धार्मिक आयोजन करने की तैयारियां की जा रही है।

### अन्याय के खिलाफ ....

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रविवार को केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में तानाशाही चलायी जा रही है और भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने में जुटी है। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को हरी झंडी दिखाने से पहले उन्होंने यह दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर वोट मांगने तो आए थे, लेकिन राज्य के लोग जब हिंसा के कारण मुश्किल में आए तो वह नजर नहीं आए।

### चाइनीज मांझे ने ....

चाइनीज मांझे की चपेट में आने से सेना के जवान की मौत हो गई। मध्यप्रदेश के धार जिले में सात वर्षीय बच्चे की चाइनीज मांजे से गला कटने पर मौत हो गई। बच्चा अपने पिता के साथ बाजार जा रहा था, तभी उसके गले से होकर चाइनीज मांजा निकला और बच्चा लहूलुहान हो गया। मामला धार शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। सात साल का कनिष्क चौहान अपने पिता के साथ बाइक से हटवाड़ा चौक से गुजर रहा था। तभी उसके गले में चाइनीज मांजा फंस गया।

**हैदराबाद में आवास जा रहे थे जवान** : हैदराबाद में विशाखापट्टनम के रहने वाले के. कोटेश्वर रेड्डी (28) सैनिक अस्पताल में ड्राइवर थे। वे अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रेड्डी अट्टापुर स्थित अपने आवास जा रहे थे। लैंगर हौज फ्लाईओवर पर वे अचानक चीन में बने नायलॉन धागे की चपेट में आ गए। इससे उनकी गर्दन कट गई।

### बाइक में बैठा ...

कोठंबा सरकारी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उधर राज्य के गोधरा शहर में चाइनीज मांझे की चपेट में आकर चार लोग घायल हो गए।

### पीएससी के कारनामों ....

जाएगी या सीबीआई खुद एफआईआर करेगी। ये दोनों विकल्प अभी खुले हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 3 जनवरी को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में यह फैसला किया गया था कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई से कराई जाएगी। हालांकि इससे पहले जब 2023 के चुनाव के पूर्व यह मामला सामने आया था, तब ही भाजपा ने वादा किया था कि सरकार में आने पर सीबीआई जांच कराई जाएगी। साय सरकार ने अपने वादे के अनुरूप कैबिनेट की शुरुआती बैठक में ही इस बारे में निर्णय लिया है।

कैबिनेट के फैसले के क्रियान्वयन में राज्य सरकार जुट गई है। गृह विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि यह मामला सीबीआई को सौंपने के पहले कुछ निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। बताया गया है कि प्रकरण से संबंधित बहुत-सी जानकारियां अलग-अलग कॉलम में तैयार की जा रही हैं। यह दस्तावेजी कार्रवाई पूरी होने के बाद मामला सीबीआई को सौंप दिया जाएगा।

### एफआईआर कौन करेगा.....

छत्तीसगढ़ में ही एफआईआर कराई जाए। इसके बाद एफआईआर सहित पूरा प्रकरण सीबीआई को दिया जाए। दूसरा विकल्प ये है कि सारे दस्तावेज हाथ में आने के बाद सीबीआई खुद अपने स्तर पर एफआईआर कराए।

### अपने स्तर पर ....

सामने आया था, उस समय भाजपा से जुड़े कुछ नेताओं ने इस मुद्दे को राजनीतिक रूप से सामने लाने की कोशिश की थी। अब सीबीआई ऐसे नेताओं से संपर्क कर उनके पास उपलब्ध जानकारी लेने का प्रयास शुरू कर चुकी है।

### ये है मामला- ....

अधिकारियों के बेटे-बेटियों और करीबी रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी जैसे पदों पर नियुक्ति देने के आरोप लगे हैं। मामले को लेकर पूर्व मंत्री एवं बीजेपी नेता ननकीराम कंवर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

## पेज एक के शेष

### लोक सेवा आयोग ....

कैंडिडेट शामिल नहीं है। अर्थात छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शामिल होने वाले किसी भी अभ्यर्थी ने ऐसा कोई जघन्य कार्य नहीं किया है, जिसके चलते उस पर प्रतिबंध लगाना पड़े। सबसे अधिक मामले चेन्नई और यूपी, बिहार के हैं। इन राज्यों के लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की गई परीक्षाओं में कैंडिडेट्स ने सर्वाधिक फर्जीवाड़े किए हैं।

### उत्तर भारत में ....

में पारा 3अंश सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मध्य प्रदेश में दोपहर के तापमान में वृद्धि देखी गई है। 13 जनवरी को राज्य के 13 शहरों में टेम्परेचर 28 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। हालांकि रातें ठंडी हैं। पारा 10अंश सेल्सियस से नीचे है। बिहार में ठंड को देखते हुए पटना में 8वीं तक के सभी स्कूलों में 16 जनवरी तक छुट्टी कर दी गई है।

### कोहरे का असर, दिल्ली-रायपुर ....

नाराजगी जाहिर की। जानकारी के मुताबिक ठंड का प्रभाव उत्तरी राज्यों में अपना काफी असर दिखा रहा है। छाए कोहरे की वजह से वहां यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसका असर दिल्ली सहित विभिन्न शहरों से रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में आने वाली उड़ानों पर भी हुआ है। दिल्ली-रायपुर के बीच नियमित रूप से छह उड़ानों का संचालन होता है, जिसकी आवाजाही पर कोहरे का असर हुआ। सुबह के शेड्यूल में संचालित होने वाली विस्तारा तथा इंडिगो की फ्लाइट चार से पांच घंटे तक विलंब से संचालित हुई और दोपहर में रायपुर एयरपोर्ट पर लैंड होती रही। दोपहर 2 बजे के करीब आने वाली फ्लाइट को लेटलतीफी की वजह से कैंसिल कर दिया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक दिल्ली से इंडिगो की एक फ्लाइट सुबह 11.45 बजे रायपुर पहुंचती है, जो शाम सात बजे तक रायपुर नहीं आई थी। माना जा रहा है कि उसकी उड़ान को भी कैंसिल कर दिया जाएगा। सुबह से दिल्ली जाने के लिए यात्रियों की भीड़ स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंच गई थी। काफी इंतजार के बाद यात्रा शुरू नहीं होने की वजह से उनका गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने फ्लाइट आने का सही समय नहीं बताने को लेकर काफी नाराजगी जाहिर की। एक यात्री राजेंद्र जैन ने बताया कि आज दिल्ली में एक डॉक्टर से उनका अपाइंटमेंट था, मगर वे सही समय पर नहीं पहुंच सके। एयरलाइंस तथा एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारी उन्हें लेटलतीफी की वजह समझाने का प्रयास करते रहे।

**देर तक संचालन** : दूसरे शहरों से विलंब से आने की वजह से रायपुर से विमानों की रवानगी करीब डेढ़ घंटे विलंब से शुरू हुई। पहली फ्लाइट सुबह 9.38 मिनट में मुंबई के लिए रवाना हुई और दूसरी उड़ान बेंगलुरु की रही। इसके बाद लेट से आने वाली फ्लाइट को पांच से दस मिनट निर्धारित स्टॉपेज के बाद अपने नए गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

### मशहूर शायर मुनव्वर ...

शिकायत हुई थी, उन्हें डॉक्टरों के पास ले जाया गया था। उन्हें निमोनिया की शिकायत बताई गई थी, जिस वजह से सांस लेने में दिक्कत आ रही थी। मुन्नवर राणा अस्पताल में ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे। मुनव्वर राणा की गिनती देश के जाने-माने शायरों में से होती है। उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। इसके अलावा उन्हें माटी रतन सम्मान से भी सम्मानित किया गया है। **लौटा दिया था साहित्य अकादमी पुरस्कार** : मुनव्वर को साल 2014 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया था। हालांकि, साल 2015 में असहिष्णुता बढ़ने के नाम पर अवॉर्ड वापस कर दिया था। वहीं, किसानों के आंदोलन के दौरान उन्होंने कहा था कि संसद भवन को गिराकर वहां खेत बना देना चाहिए। साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में मुनव्वर राणा का नाम वोटर लिस्ट से गायब हो गया था। इसके चलते वह वोट नहीं डाल पाए थे। राणा ने कहा था कि मेरा वोटर लिस्ट में नाम नहीं है। इसलिए मैं वोट डालने नहीं जा पाऊंगा। राना लखनऊ के कैंट विधानसभा के वोटर थे।

## राशिफल

**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** — व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## सूचना सेठ और उसके पति का पुलिस स्टेशन में हुआ आमना-सामना

# 'तुम आजाद हो, जब तक मैं हिरासत में हूं तुम्हारी वजह से ही मेरी यह दुर्दशा हुई है'

एजेंसी ▸▸| गोवा



गोवा में महिला सीईओ सूचना सेठ ने अपने ही चार साल के बच्चे को मौत के घाट उतार दिया था। जिसके बाद पुलिस ने सूचना सेठ को गिरफ्तार कर लिया था। गोवा के कैलंगुट पुलिस स्टेशन में शनिवार को आरोपी महिला सूचना सेठ और पति वेंकट रमन की 15 मिनट की मुलाकात हुई। इस दौरान आरोपी महिला ने अपने पति से कहा कि मैं जब तक पुलिस हिरासत में हूं, तुम आजाद हो। तुम्हारी वजह से ही मेरी यह दुर्दशा हुई है। बातचीत में सूचना सेठ ने चार साल के अपने बच्चे की हत्या के आरोपों से इनकार किया। उस दौरान उसके पति वेंकट रमन ने कहा कि अगर बच्चे की हत्या तुमने नहीं कि तो आखिर उसे किसने मारा। गौरतलब है कि शनिवार को बयान दर्ज कराने के लिए सूचना सेठ के पति वेंकट अपने पति के साथ गोवा के कैलंगुट पुलिस स्टेशन पुहंचे थे। अपने बच्चे की हत्या के दौरान वह इंडोनेशिया में थे। बच्चे की मौत की खबर मिलने के बाद नौ जनवरी को वेंकट भारत आए।

### चल रही थी बच्चे की कस्टडी की लड़ाई

*पति के वकील अजहर मीर ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पिछले एक साल से बंगलूरू के एक फैमिली कोर्ट में बच्चे की कस्टडी की लड़ाई चल रही थी। कोर्ट ने पिता वेंकट को बच्चे से फोन या वीडियो कॉल के जरिए बात करने की इजाजत दी थी। नवंबर 2023 में अदालत ने बच्चो के पिता से हर रविवार घर पर मिलने की अनुमति दी थी। हालांकि उस दौरान सूचना सेठ ने कहा कि बच्चे को पिता से कैफे में मिलना चाहिए न कि घर में। वेंकट सात जनवरी को बेटे से मिलने वाला था। बता दें शुक्रवार को पुलिस ने घटना स्थल पर ही सीन रिक्रिएशन के जरिए मामले को समझने की कोशिश की।*

### ऐसे हुआ मामले का खुलासा

गोवा पुलिस के मुताबिक, छह जनवरी को सूचना सेठ गोवा के सोल बनयान ग्रांडे होटल में अपने चार साल बेटे के साथ आई थी। इसके बाद उसने आठ जनवरी को होटल से चेक-आउट किया था। सूचना सेठ के सोमवार को चेक आउट करने के बाद हत्या का खुलासा हुआ। दरअसल, सेठ के अपार्टमेंट छोड़ने के बाद हाउसकीपिंग स्टाफ सफाई करने गया तो वहां खून के धब्बे मिले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इस पर पुलिस ने सबसे पहले होटल की सीसीटीवी फुटेज खंगाली। जिसमें सूचना चेक इन के वक्त अपने बच्चे के साथ आती दिख रही थी। वहीं, आठ जनवरी को सूचना को अपने बेटे के बिना सर्विस अपार्टमेंट से बाहर निकलते हुए देखा गया। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई और सूचना की तलाश तेज की।

### बंगलूरू तक टैक्सी से जाने की जिद ने भी फंसाया

वहीं, होटल के कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि जब सूचना ने बंगलूरू लौटने के लिए टैक्सी बुलाने के लिए कहा, तो उन्हें समझाया गया कि विमान से जाना ज्यादा सस्ता और सुविधाजनक रहेगा। लेकिन उन्होंने सड़क से यात्रा करने पर जोर दिया। इस पर होटल ने एक स्थानीय टैक्सी की व्यवस्था की। होटल स्टाफ ने जब यह पुलिस को बताया तो पुलिस का शक और पुख्ता हो गया। इसके बाद पुलिस ने टैक्सी ड्राइवर का पता लगाया।

## 40 वर्ष देशसेवा के बाद तीन युद्धपोत चीता गुलदार, कुंभीर सेवामुक्त



**श्रीलंका में निभाई थी अहम भूमिका**



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के युद्धपोत चीता, गुलदार और कुंभीर को सेवामुक्त कर दिया गया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इन्होंने चार दशक तक देश की सेवा की।

पोर्ट ब्लेयर में पारंपरिक समारोह में तीन जहाजों के डीकमिशनिंग प्रतीक के तौर पर सूर्यास्त के समय राष्ट्रीय ध्वज, नौसेना पताका को अंतिम बार नीचे उतारा गया। आईएनएस चीता, गुलदार और कुंभीर को पोलैंड के ग्डिनिया शिपयार्ड में पोल्नोक्नी श्रेणी के जहाजों के तौर पर बनाया गया था। पोलैंड में भारत के तत्कालीन राजदूत एस के अरोड़ा की उपस्थिति में 1984 में चीता व 1985 में गुलदार को भारतीय नौसेना में शामिल किया था। वहीं, 1986 में तथा एके दास की उपस्थिति में कुंभीर को नौसेना में शामिल किया गया था।

### ऐसे मिली विदाई

भारतीय नौसेना के युद्धपोत चीता, गुलदार और कुंभीर को राष्ट्र की चार दशकों की गौरवशाली सेवा प्रदान करने के बाद 12 जनवरी, 2024 को सेवामुक्त कर दिया गया। इन जहाजों को कार्य मुक्त करने का कार्यक्रम पोर्ट ब्लेयर में एक पारंपरिक समारोह में आयोजित किया गया था, जिसमें सूर्यास्त के समय राष्ट्रीय ध्वज, नौसेना पताका और तीन जहाजों के डीकमीशनिंग प्रतीक को अंतिम बार नीचे उतारा गया। आईएनएस चीता, गुलदार और कुंभीर को पोलैंड के ग्डिनिया शिपयार्ड में पोल्नोक्नी श्रेणी के ऐसे जहाजों के रूप में तैयार किया गया था, जो टैंकों, वाहनों, कार्गो तथा सैनिकों को सीधे कम ढलान वाले समुद्र तट पर बिना गोदी के पहुंचा सकते थे।

### श्रीलंका में निभाई अहम भूमिका

1987 से 1990 के दौरान इन पोतों ने भारतीय शांति रक्षा सेना (आईपीकेएफ) की श्रीलंका में तैनाती के दौरान अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा, ऑपरेशन अमन को अंजाम दिया गया। मई 1990 में भारतीय व श्रीलंकाई सीमा पर हथियारों एवं गोला-बारूद की तस्करी तथा अवैध अप्रवास को नियंत्रित के लिए ऑपरेशन ताशा का संचालन किया गया। इसके अलावा भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के सहयोग से चलाए गए संयुक्त अभियान में इनका इस्तेमाल हुआ। बाद 1997 में श्रीलंका में आए चक्रवात और 2004 में हिंद महासागर में आई सुनामी के दौरान राहत कार्यों में इन पोतों ने अहम योगदान दिया।

## पीएम मोदी ने गायों को खिलाया चारा...



**नई दिल्ली।** मकर संक्रांति के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर गायों को चारा खिलाया। यह पहला मौका नहीं कि जब पीएम मोदी का गौ प्रेम सबके सामने आया हो। इससे पहले पिछले साल वारंगल शहर में भद्रकाली मंदिर में गौ सेवा करते हुए पीएम मोदी को देखा गया था। पोंगल समारोह में प्रधानमंत्री ने उपहार में दिया अपना शॉल केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल उत्सव में पीएम मोदी ने शिरकत की। इस दौरान कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाली एक बच्ची को पीएम मोदी ने अपना ही शॉल उपहार में दे दिया। कार्यक्रम में एक युवा गायक ने प्रस्तुति दी। जिसके बाद गायिका ने पीएम मोदी के पैर छुए, जिसके बाद पीएम मोदी ने उन्हें अपना शॉल ही इनाम के तौर पर दे दिया।


**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड**
**सेक्टर 24, ब्लाक नम्बर 7, ए द्वितीय तल, मुख्यालय अटल नगर, नवा रायपुर**

क्र./ लेखा / कैश एवं बैंकिंग / 2023-24 /14 नवा रायपुर, दिनांक 11.01.2024

**// साख सीमा सुविधा प्राप्ति हेतु निविदा सूचना //**

छ.ग. राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरित किये जाने हेतु चावल उपार्जन एवं अनुषांगिक जिन्सों को क्रय करने हेतु छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. लिमि. को **खरीफ विपणन वर्ष 2023-24** के कार्यशील पूंजी हेतु कुल राशि 5000 करोड़ (पांच हजार करोड़ रूपए मात्र) की साख सीमा के लिये भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की अनुसूची-दो के भाग 'ए' तथा 'बी' में सूचीबद्ध राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों से दिनांक 15.02.2024 को 2.00 बजे अपरान्ह तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है।

प्रस्ताव के शर्तों एवं विस्तृत जानकारी के लिये निगम मुख्यालय में कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है अथवा छ.ग. शासन की वेबसाइट www.cgstate.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

**कार्यपालन संचालक (वित्त)**
**मुख्यालय रायपुर**

S-39342/4


## शब्द पहेली - 5395



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5394 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5405

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5404 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी माह 22 जनवरी को राम लला का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित है। इसमें शामिल होने के लिए करीब 7 हजार विशिष्ट अतिथियों को निमंत्रण दिया गया है। उनके भोजन-जलपान के लिए भी विशेष तैयारी की जा रही है। अयोध्या में विभिन्न राज्यों से आये श्रद्धालुओं के लिए भंडारा और ओपन फूड कोर्ट से 50 स्वादिष्ट व्यंजन परोसे जाएंगे।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान राम भक्तों को परोसे जाएंगे स्वादिष्ट व्यंजन



# राजस्थानी दाल बाटी चूरमा, बंगाली रसगुल्ला, मद्रासी डोसा

### भंडारा और ओपन फूड कोर्ट से परोसे जाएंगे 50 स्वादिष्ट व्यंजन

**परोसे जाएंगे ये स्वादिष्ट व्यंजन**

मंदिर ट्रस्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि श्रद्धालुओं को अयोध्या में लिट्टी चोखा, राजस्थानी दाल बाटी चूरमा, पंजाबी तड़का, दक्षिण भारतीय मसाला डोसा, इडली, बंगाली रसगुल्ला जैसी चीजे परोसी जायेंगी। इसके अलावा यूपी, पंजाब, राजस्थान, दक्षिण भारत, बंगाल और महाराष्ट्र जैसे अलग-अलग राज्यों के लिए अलग-अलग फूड कोर्ट बनाए जा रहे हैं। इन फ़ूड कोट्र्स में मेहमानों और श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग राज्यों के लोगों की ओर से व्यवस्था की गई है। भंडारे में विशेष फल और कुट्टू की रोटी और साबूदाना खीर भी परोसी जायेगी। इस खास मौके पर दिल्ली से एक विशेष मशीन लाई गई है जो एक बार में 10 हजार इडली परोसेगी।



### ग्वालियर में 500 से ज्यादा रिकवेस्ट

## प्राण प्रतिष्ठा के दिन संतान को जन्म देने की मची होड़

अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला विराजेंगे और राम मंदिर का उद्घाटन होगा। इस दिन जहां पूरे देश में दीप महोत्सव होगा। वहीं जो महिलाएं गर्भवती हैं, वह इसी दिन प्रसव के लिए डॉक्टर से तारीख ले रही हैं। देश के कई स्थानों से ऐसी खबरे हैं। ग्वालियर की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दिशा गुप्ता ने बताया है कि 22 जनवरी को डिलीवरी के लिए ज्यादातर महिलाएं संपर्क कर रही हैं। ऐसी संख्या लगभग 500 से अधिक है। लेकिन 22 जनवरी को इतनी डिलीवरी करना संभव नहीं है। यही कारण है कि इस दिन जो गर्भवती महिलाएं समय निर्धारण के अनुरूप फिट होंगी। उनकी ही डिलीवरी की जाएगी।

**इस दिन बन रहा विशेष महायोग**

ज्योतिषियों का मानना है कि इस दिन विशेष महायोग बन रहा है। इस दिन जो संतान जन्म लेगी वह पराक्रमी और भाग्यशाली होगी। ऐसा जातक अपने भाग्य को संभालने वाला होगा। सोमवार के दिन मृग, नक्षत्र, अभिजीत मुहूर्त के साथ-साथ सर्वार्थ सिद्ध योग, अमृत योग की निष्पत्ति हो रही है।

---

**आतंकी गफूर समेत 114 दोषियों का मामला**

## माफी याचिका के फैसले में देरी पर दिल्ली सरकार को फटकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने देश के खिलाफ जंग की साजिश में उम्रकैद की सजा काट रहे जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी गफूर समेत 114 दोषियों की माफी याचिका पर निर्णय लेने में देरी पर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने 14 वर्ष से अधिक सजा काट चुके उम्रकैद के दोषियों की माफी याचिका यंत्रवत खारिज करने के लिए राज्यों की आलोचना की। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ने कोर्ट को बताया कि गफूर समेत 114 दोषियों की समयपूर्व रिहाई पर विचार के लिए 21 दिसंबर को सजा समीक्षा बोर्ड की बैठक हुई थी। इसके मिनट्स का मसौदा उपराज्यपाल को देने के लिए दिल्ली सरकार के गृह विभाग को भेजा गया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को दिए निर्देश**

## हिट एंड रन पीड़ितों का बढ़ेगा मुआवजा!

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह हिट एंड रन मामलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को और गंभीर रूप से घायलों को दिए जाने वाले मुआवजे की राशि को बढ़ाने पर विचार करे। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस फैसले पर विचार के लिए आठ हफ्तों का समय दिया है और 22 अप्रैल को अगली सुनवाई पर जानकारी देने का निर्देश दिया है। मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति को कोई वाहन टक्कर मारकर फरार हो जाता है और इस हादसे में पीड़ित की मौत हो जाती है तो उसे अधिकतम दो लाख रुपये का मुआवजा मिलता है।

**बेहद कम संख्या में लोगों को मिला कानून का फायदा**

आंकड़ों के अनुसार, साल 2016 में हिट एंड रन के मामले 55,942 थे। 2017 में 65,186 और 2018 में 69,621 हो गए। वहीं 2019 में भी ये मामले 69,621 रहे। बीते पांच सालों में हिट एंड रन से 660 लोगों की मौत हुई है और 113 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कुल एक करोड़ 84 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है।

---

**चीनपरस्त राष्ट्रपति मुइज्जू ने फिर दिखाए तेवर**

# 15 मार्च से पहले मालदीव से अपने सैनिक हटाए भारत

*मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने एक बार फिर तेवर दिखाए हैं। चीन से लौटते ही मुइज्जू ने कह दिया है कि भारत 15 मार्च से पहले मालदीव से अपने सैनिकों को हटा लें। इससे पहले उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा था कि हमें बुली करने का लाइसेंस किसी के पास नहीं है। बीते कई सालों से मालदीव में भारत की सेना की एक छोटी टुकड़ी वहां तैनात है। मालदीव की पिछली सरकार के आग्रह पर भारत सरकार ने अपने सैनिकों को वहां तैनात किया था। समुद्री सुरक्षा और आपदा राहत कार्यों में मदद के लिए भारतीय सेना की एक टुकड़ी को मालदीव में तैनात किया गया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल नवंबर में मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया था कि उनके देश को उम्मीद है कि भारत लोगों की लोकतांत्रिक इच्छा का सम्मान करेगा। मुइज्जू शनिवार को चीन की पांच दिवसीय यात्रा से स्वदेश लौटे थे। उन्होंने मालदीव पहुंचते ही कह दिया था कि हमारा देश भले ही छोटा है लेकिन हमें बुली करने का लाइसेंस किसी के पास नहीं है।

हालांकि, मुइज्जू ने प्रत्यक्ष तौर पर किसी का नाम लेकर ये बयान नहीं दिया है। लेकिन माना जा रहा है कि उनका निशाना भारत की तरफ है। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू ने पांच दिन के अपने चीन दौरे के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। उनका ये दौरा ऐसे समय पर हुआ था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मालदीव सरकार के तीन मंत्रियों को सस्पेंड किया गया। इस मामले को लेकर भारत और मालदीव दोनों देशों में राजनयिक विवाद बढ़ा हुआ है।

- 2013 से भारतीय सेना की एक टुकड़ी है तैनात
- एक दिन पहले भी साधा था भारत पर निशाना



**तनाव में रिश्ते**

प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद मालदीव की सरकार के तीन मंत्रियों ने पीएम मोदी के इस दौरे की कुछ तस्वीरों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद से ही दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद गहराया हुआ है। मामले पर विवाद बढ़ने के बाद इन तीनों मंत्रियों को सस्पेंड कर दिया गया था।

### भारतीय सैनिकों को लेकर विवाद

मालदीव रणनीतिक रूप से भारत और चीन दोनों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यहां 2013 से ही लामू और अड्डू द्वीप पर भारतीय सैनिक तैनात हैं। भारतीय नौसैनिक भी मालदीव में तैनात हैं। इंडियन नेवी ने वहां 10 कोस्टल सर्विलांस रडार इंस्टॉल कर रखे हैं। पद संभालने पर मुइज्जू ने घोषणा की थी कि उनकी प्राथमिक ज़िम्मेदारी हिंद महासागर द्वीपसमूह में विदेशी सैन्य उपस्थिति को खत्म करना है। मुइज्जू ने पिछले साल मालदीव के राष्ट्रपति बनने पर औपचारिक रूप से भारत से अनुरोध किया था कि वह मालदीव से अपनी सैना हटाएं। उन्होंने जोर देकर कहा था कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उनका देश अपनी स्वतंत्रता और संप्रभुता को बनाए रखने के लिए किसी भी 'विदेशी सैन्य उपस्थिति' से मुक्त हों।

**विवादों में मुइज्जू का चीन दौरा**

मुइज्जू का यह चीन का पहला राजकीय दौरा था। यह दौरा ऐसे समय पर हुआ, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप के दौरे की उनकी तस्वीरों को लेकर मालदीव के तीन मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर इस मामले ने तूल पकड़ लिया। इस मामले के तूल पकड़ने पर मालदीव सरकार ने तीनों आरोपी मंत्रियों को सस्पेंड कर दिया था। बाद में भारत में मालदीव के राजूदत को विदेश मंत्रालय ने तलब किया और इस मामले पर कड़ी आपत्ति जाहिर की. इस बीच दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव बना हुआ है। मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपने इलेक्शन मैनिफेस्टो में करीब 75 भारतीय सैनिकों की एक छोटी टुकड़ी को हटाने का संकल्प लिया था। भारतीय सैनिकों की वापसी पर चर्चा के लिए भारत और मालदीव ने दोनों देशों ने एक कोर ग्रुप का गठन किया है।

---

**शिंदे नीत शिवसेना में देवड़ा**

## मिलिंद ने कांग्रेस से तोड़ा 55 साल पुराना रिश्ता



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मणिपुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत से पहले पार्टी को मुंबई में बड़ा झटका लगा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली देवड़ा के बेटे मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। 47 साल के मिलिंद देवड़ा यूपीए-2 के कार्यकाल में कुछ समय के मंत्री रह चुके हैं। देवड़ा के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना में शामिल हो गए। मिलिंद देवड़ा ने कहा कांग्रेस पार्टी के साथ मेरे परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता ख़त्म हो गया है। मैं सालों से उनके अटूट समर्थन के लिए सभी नेताओं, सहकर्मियों और कार्यकर्ताओं का आभारी हूं।

**450 समर्थकों के साथ छोड़ी पार्टी**

मिलिंद देवड़ा ने कुछ पूर्व पार्षदों के मिलाकर करीब अपने 450 समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़ी। उन्होंने अपने साथियों के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना की सदस्यता ग्रहण कर ली। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना मुंबई दक्षिण की सीट नहीं छोड़ना चाहती है। यहां पर पार्टी नेता अरविंद सावंत अभी लोकसभा सदस्य हैं।

**शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना की ली सदस्यता**

देवड़ा मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास 'वर्षा' में एक कार्यक्रम में शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना में शामिल हो गए। इससे पहले दिन में, जब देवरा दक्षिण मुंबई स्थित अपने आवास रामायलम से बाहर आए तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वह 'विकास के पथ पर चलने' जा रहे हैं। देवड़ा हाल में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संयुक्त कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए थे।



# मुनव्वर राना : मां के विराट स्वरूप को शायरी में दिया मखमली एहसास

**नई दिल्ली।** मां की तमाम खूबियों पर जब मुनव्वर राना की कलम चली, तो न जाने कितनी आंखों में आंसुओं का दरिया उतर आया। न जाने कितने लोगों ने कलामों को सुनकर मां को गले लगा लिया। मुनव्वर राना ऐसे शायर हैं, जो इश्क को प्रेमी और प्रेमिका से सराबोर तो करते ही हैं साथ ही वह इसे एक अलग मुकाम यानी अन्य इंसानी रिश्तों की अतल गहराइयों में भी ले जाते हैं।

हिंदी और उर्दू दोनों पर समान अधिकार रखने वाले राना ने मां और बेटियों को अपनी गजलों में ऐसी नवाजिशें दी, जो कहीं और देखने को नहीं मिलती। विदेशों में भी इनकी शायरी के दीवाने हैं। मुनव्वर पैदा तो रायबरेली में हुए, रहते लखनऊ में पर राना को जिंदगी के कुछ खास अनुभव कोलकाता में मिले। उन्होंने जिंदगी के काफी बरस बंगाल की धरती में गुजारे।

*ऐसे शायर, जो इंसानी रिश्तों को ले गए अतल गहराइयों पर*



### मां और बेटियों का पाक चित्रण, लाजवाब

मां महान है। सबने यही कहा है। जीवन की सबसे अनमोल पहचान है। मां के आशीर्वाद से दुनिया रोशन होती है। जिसके पास मां है, समझिए सारी दौलत है। मां के ऐसे विराट स्वरूप को मुनव्वर राना ने अपनी शायरी में जो मखमली एहसास दिए हैं, उनकी कहीं काट नहीं। कोई भी शायर बिना मोहब्बत के सूना-सूना सा होता है। लिहाजा मोहब्बत को राना ने अपनी शायरी में तवज्जो दी लेकिन वह अन्य शायरों की तरह यहीं तक सीमित नहीं रह गए। उन्होंने इससे आगे जाकर इंसानी दुनिया के सामाजिक ढांचे, ताने-बाने, विचार, रहन-सहन, संस्कार, इंसानी रिश्तों पर भी काफी कुछ लिखा। मां और बेटियों का तो इन्होंने ऐसा पाक चित्रण किया है, जो लाजवाब है।

### शायरी में भारी शब्दों से परहेज

मां से सारे रिश्ते शुरू होते हैं। मुनव्वर साहब को इसका भरपूर अंदाजा है। तभी तो कहा जाता है। इश्क की जमीन पर मां के आंचल की सुहावनी छांव मुनव्वर राना की एक खास पहचान है। किसी शायर ने कहा था कि, जहां मुनव्वर होते हैं वहां मां का जिक्र अवश्य होता है। इसके बाद सारे रिश्ते अपने आप उनकी शायरी में मुकम्मल होते चले जाते हैं। वह अपनी शायरी में भारी और लुभावने शब्दों से मायाजाल नहीं फेंकते बल्कि सच को जुबां देने वाले बोल का प्रयोग करते हुए शायरी को आम आदमी और उसकी सीमाओं से जोड़ देते हैं। गजल को महलों से खींचकर मां-बेटी और अन्य इंसानी रिश्तों के बीच बांध देते हैं।

# 'मैरी क्रिसमस' ने पकड़ी रफ्तार, दोगुना कलेक्शन

**मुंबई।** 12 जनवरी को कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की 'मैरी क्रिसमस' ने सिनेमाघर में एंट्री मारी है। फिल्म की कहानी में दम है, लेकिन फिर भी ओपनिंग डे पर मूवी कुछ कमाल न कर सकी। फिल्म के दूसरे दिन के कलेक्शन में उछाल आया है। बल्कि पहले दिन के कलेक्शन से डबल कमाई हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरी क्रिसमस ने 3.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। ऐसे में कूल कलेक्शन 6.05 करोड़ हो गया है। बात फिल्म की कहानी की करें तो कैटरीना ने मारिया को किरदार निभाया है। वहीं विजय सेतुपति ने



अलबर्ट का रोल अदा किया है। दोनों की मैरिड लाइफ में पंगे हैं। जहां मारिया का पति उसे धोखा दे रहा होता है और एक दिन आत्महत्या कर लेता है। वहीं अलबर्ट ने भी अपनी पत्नी की हत्या कर दी होती है और 7 साल की जेल सी सजा काटकर आया होता है।

# कंगना ने खोला मिस्ट्री मैन का राज

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की वजह से अक्सर ही सुर्खियों में छाई रहती हैं। हाल ही में मुंबई के सैलून के बाहर एक्ट्रेस को मिस्ट्री मैन के साथ स्पॉट किया गया था। उसके बाद से ऐसी अफवाहें उड़ रही थी कि कंगना की लाइफ में नए प्यार की एंट्री हो गई है। अब क्वीन एक्ट्रेस ने बेबाक होकर सच बताया है। कंगना ने मिस्ट्री मैन की



सच्चाई बताते हुए अपनी डेटिंग रूमर्स पर फुल स्टॉप लगा दिया है। एक्ट्रेस ने कहा कि वो साथ में काम करने वाले भाई-बहन, वर्क फ्रेंड्स और कभी-कभी सालों से फ्रेंडली क्लाइंट के साथ एक बेहतरीन हेयर स्टाइलिस्ट भी हो सकते हैं। इसके साथ ही क्लीयर हो गया है कि कंगना के साथ दिखाई देने वाला मिस्ट्री मैन कोई और नहीं बल्कि अदाकारा का हेयर स्टाइलिस्ट हैं।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ऑरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 8223883311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 9827000035
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

# सान्या के लोहड़ी सेलिब्रेशन में जबर्दस्त डांस से फैंस हैरान...

**मुंबई।** एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा के घर लोहड़ी की धूम देखने को मिली। खुशी के पल को साझा करने के लिए अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो और फोटोज शेयर किए हैं। इस मौके पर एक्ट्रेस ने जलती लोहड़ी के सामने जमकर भांगड़ा किया। लुक की बात करे तो उन्होंने ब्लू कलर का सलवार-सूट पहना था।



अभिनेत्री ने अपने बाला का जूड़े बनाया हुआ था। इतना ही नहीं उन्होंने हाथों में मैचिंग चूड़ियां भी पहनी हुई थीं। आखिरी वीडियो में वह अपने फिटनेस ट्रेनर के साथ भांगड़ा करती नजर आईं। उनके जबर्दस्त डॉस को देखकर फैंस हैरान है और कमेंट कर रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो सान्या सैम बहादुर में विक्की कौशल की पत्नी सिलू मानेकशॉ का रोल निभाती नजर आ रही थी, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं।

# वरुण करेंगे एटली की फिल्म में काम

**मुंबई।** जवान के डायरेक्टर एटली अगली फिल्म वरुण धवन के साथ करेंगे। मकर संक्रांति और पोंगल के मौके पर उन्होंने इसे कंफर्म किया है। हालांकि वह फिल्म को डायरेक्टर नहीं करेंगे बल्कि वह अपनी नई फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। शूटिंग के लिए हाल ही में पूजा हुई। मुहूर्त शॉट भी इसी दिन किया गया। एटली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया गया, जिसमें पूजा और मुहूर्त शॉट की एक झलक दिखाई गई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वामिका गब्बी मुख्य भूमिका निभाएंगी। एटली ने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, कृपया इस प्रोजेक्ट को अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दें। यह हमारे दिल के बहुत करीब है। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'टाइटल का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।' वरुण धवन ने उसी वीडियो को इंस्टाग्राम स्टोरीज पर शेयर किया। वामिका ने लिखा, इस न्यूज को आप सभी के साथ साझा करने को लेकर एक्साइटेड हूं। काफी दिनों से फिल्म को लेकर चर्चा थी।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

आवश्यकता है- ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। संपर्क करे:- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525. (RO-6301)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**केयर टेकर**

आवश्यकता है- रायपुर में पुरुष कोमा पेसेंट हेतु केयर टेकर की जो कि नर्सिंग कोर्स किया हो एवं जिसे 3 वर्ष का क्रिटिकल केयर का अनुभव हो। वेतन रुपये 18000/- प्रतिमाह रहने की व्यवस्था प्रदान की जावेगी। संपर्क करे:- राकेश अग्रवाल, A-73 लविस्ता कॉलोनी अमलीडीह रायपुर 9575042804 मिलने का समय सुबह 9 से 11 तक. (RO-2413)

**कुक**

आवश्यकता है- बुक स्टॉल में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। ग्रेजुएट एवं अंग्रेजी की जानकारी आवश्यक। संपर्क- श्री रामचंद्र बुक स्टॉल, राज टॉकीज के पास, पुराना बस स्टैंड, रायपुर (RO-325)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- जानवरों की सेवा करें और बढ़िया वेतन कमाए। चंदखुरी रायपुर (छ. ग.) स्थित कुत्तों के अस्पताल में लड़कों की आवश्यकता है। रहने, खाने की पूरी सुविधा। मो. 9981116741, जीव प्रेमियों का स्वागत।(RO-7459)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- चुस्की चाय में गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। संपर्क- जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर (छ. ग.) मो. 74699-80000, 0771- 4075490 (RO-1078)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- बांठिया हॉस्पिटल में एम्बुलेंस व घरेलू गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध मिले: बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर फोन 0771-2425009.(RO-2421)

आवश्यकता है- रायपुर (छ.ग.) में घरेलू कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। लाइसेंस, आधार कार्ड सहित संपर्क करें मो. 9329121313. (RO-2227)

